AAJ

# विश्वविद्यालय परिसर की यादें जीवन की स्वर्णिम धरोहर- डा दिनेश शर्मा

## हिम्मत दिखाने वालों की होती है समाज में प्रतिष्ठा



लखनऊ। राज्यसभा सांसद व पूर्व उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय के परिसर में बिताये गये दिन शिक्षकों और विद्यार्थियों के जीवन की स्वर्णिम धरोहर हैं ।वाणिज्य संख्यायें लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता प्रो सोमेश शुक्ला के अवकाश ग्रहण समारोह में उपस्थित शिक्षकों एवं शोध छात्रों को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में यह समय आता है। परन्तु पुरानी बाते एवं उपब्धियां जीवन में सतुष्टि का भाव देती है। उनका कहना था कि समय के बदलाव के चलते ही समाज में आज अधिक आयु व्यक्ति का नहीं बल्कि अधिक आय वाले का सम्मान होने लगा है ।उन्होंने हास्य करते हुये कहा कि अवकाश ग्रहण करने वाले के पास आय और आयु दोने ही अधिक होते हैं ।अवकाश ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा कि समाज में प्रतिष्ठा उनकी ही होती है जो हिम्मत दिखाते हैं और प्रगति भी सिर्फ वे ही करते हैं जिनका विरोध होता है ।विरोध को सहज भाव में लेने पर ही प्रगति होती है ।जो आगे बढता है निन्दक उसके पीछे होते हैं जिन्हे सहज भाव में लेना चाहिए। काम ऐसा होना चाहिए कि आलोचक भी समर्थक बन जाएं ।उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है ।कक्षा में छात्रों की उपस्थिति बताती है कि शिक्षक कितना श्रेष्ठ है।अच्छे शिक्षक की क्लास छात्र कभी नहीं छोड़ते हैं।

AMRIT VICHAR

# अर्यमा ने तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने का किया प्रयास



अर्यमा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए।

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को 10 वर्षीय अर्यमा शुक्ला ने तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने का प्रयास किया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की गाइडलाइन के अनुसार स्वतंत्र साक्षियों और टाइमकीपरों की मौजूदगी में उन्होंने गोल्डन रेशियो के 5555 दशमलव अंक सुनाए, जबकि मौजूदा रिकॉर्ड 5005 अंकों का है। इसके बाद यूलर्स नंबर के एक मिनट में 380 दशमलव अंक और पाई के एक मिनट में 320 दशमलव अंक सुनाकर भी नए रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया। पूरी प्रक्रिया के दौरान गणितज्ञ डॉ. आनंद बी. जोशी और डॉ. गौतम कुमार दिनकर स्वतंत्र साक्षी रहे। प्रो. मोहम्मद तारिक और डॉ. रियाज अहमद ने समय की निगरानी की। कार्यक्रम में क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्या सहित कई शिक्षक और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

SWATANTRA BHARAT

# लविवि : कुलपति ने बढ़ाया कैडेट्स का उत्साह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** 64 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए उनके अनुशासन, उत्साह और सामर्थ्य की सराहना की तथा उन्हें राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लखनऊ ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने कुलपति का स्वागत किया। इस दौरान एनसीसी गतिविधियों पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन, %ऑपरेशन सिंदूर% विषयक सांस्कृतिक प्रस्तुति, मेधावी कैडेट्स का सम्मान, एनसीसी गान और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुए। कुलपति ने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन और सेवा भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। बाद में ग्रुप कमांडर ने कैंप का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कैडेट्स और अधिकारियों को ÷वेल-डन÷ कहा। समारोह में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, 64 यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ए. के. गुप्ता, एएनओ, जेसीओ, पीआई स्टाफ तथा बड़ी संख्या में कैडेट्स मौजूद थे।